# University in News on 03 February 2022

## TOI PAGE 3

# LU to hold wetland survey in 4 dists

Lucknow University will conduct a survey of wetlands in four districts on World Wetland Day to be celebrated on Wednesday. A group of MSc students of the university will visit Rae Bareli, Unnao, Kanpur and Barabanki to identify, document and survey unprotected wetlands. The initiative has been taken by LU's zoology department from where as many as 25 students will visit the districts. "Wetlands provide habitat for thousands of species of aquatic and terrestrial plants and animals. Wetlands are valuable for flood protection and improvement in water quality," said an LU official.

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

# लविवि की टीमों ने चिह्नित की 112 असंरक्षित नम भूमि

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। विश्व आद्रभूमि दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्वविद्यालय के वन्य जीव विज्ञान संस्थान उत्तर प्रदेश की 11 टीमों ने बुधवार को विभिन्न जिलों का सर्वे कर 112 असंरक्षित नम भूमि को चिह्नित किया। टीमों के सदस्य अपने जिलों की रिपोर्ट विभाग को सौंपेंगे।

सुबह सात बजे विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने आवास से हरी झंडी दिखाकर टीमों को रवाना किया। जैव विविधता और वन्यजीव संरक्षण प्रयोगशाला के 40 छात्रों, शोधार्थियों, शिक्षाविदों, वन कर्मियों और स्वयंसेवकों की 11 टीमों ने सीतापुर, लखनऊ, उन्नाव, बाराबंकी, हरदोई, रायबरेली, सुल्तानपुर, कानपुर, गोंडा और इटावा का सर्वे किया।

### कुलपति ने आवास से रवाना की टीमें

लविवि के वन्य जीव विज्ञान संस्थान की कोआर्डिनेटर प्रो. अमीता कनौजिया ने बताया कि कई जिले ऐसे हैं जहां असंरक्षित नम भूमि है। उनका सर्वे कराया गया। प्रत्येक टीम में तीन-तीन छात्र व एक शोधार्थी शामिल रहा। टीमों के सदस्यों ने सर्वे के दौरान असंरक्षित नम भूमि की स्थिति का पता लगाने के साथ जलीय पौधों, पक्षियों व जैव विविधता आदि की जानकारी जुटाई। जानकारी जुटाई गई कि उस भूमि का लोग कैसे इस्तेमाल कर रहे हैं।



सर्वे करने वाली लविवि की टीम। -विज्ञप्ति

उन्होंने बताया कि बेहतर रिपोर्ट देने वाली तीन टीमें पुरस्कृत की जाएंगी। हर टीम जैव विविधता बोर्ड में इसका प्रेजेंटेशन भी करेगी। वहीं संस्थान के परियोजना अधिकारी आदेश कुमार ने बताया कि इससे पहले 18 जिलों में सर्वे हो चुका है। जिसमें 103 असंरक्षित नम भूमि चिह्नित कर वन विभाग को रिपोर्ट भेजी गई थी।

## HINDUSTAN PAGE 4

# एलयू की परीक्षा पर फैसला जल्द

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय 17 जनवरी से स्थगित परीक्षाओं पर अभी कुछ साफ नहीं हुआ है। परीक्षाएं कब होंगी इस सम्बंध में अभी कोई नोटिफिकेशन भी जारी नहीं किया गया। उम्मीद है कि जल्द इस बाबत स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

एलयू के छात्र लगातार परीक्षाएं एमसीक्यू आधारित ऑनलाइन परीक्षा कराने की मांग कर रहे हैं। लेकिन अभी तक विश्वविद्यालय प्रबंधन की ओर से साफ नहीं किया गया है कि संशोधित कार्यक्रम कब जारी किया जाएगा।

## AMRIT VICHAR PAGE 5

# उच्च शिक्षण संस्थानों में अब ऑफलाइन पढ़ाई की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय समेत सभी महाविद्यालयों में आफलाइन पढ़ाई जल्द शुरू होगी। इस संबंध में विश्वविद्यालय की ओर से दिशा निर्देश जारी किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने बताया कि मौजूदा समय में सभी शिक्षण संस्थान 6 फरवरी तक बंद किए गये थे, लेकिन सोशल डिस्टेंसिंग के साथ आफलाइन पढ़ाई शुरू कराई जाएगी। इस संबंध में 6 फरवरी को ही निर्णय लिया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्रवक्ता डॉ दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि मौजूदा समय कोविड महामहारी के चलते संस्थानों में आफलाइन पढ़ाई पर रोक थी, लेकिन अब तैयारी की जा रही है कि पढ़ाई शुरू की जाये नहीं तो पाठ्यक्रम पूरा करा पाना मुश्किल होगा। बता दें कि उच्च शिक्षण संस्थानों में आनलाइन पढ़ाई के लिए दिशा निर्देश जारी किए गये थे, लेकिन अधिकांश संस्थानों में आनलाइन पढ़ाई के संशाधन नहीं हैं। ऐसे में शिक्षकों का भी कहना है कि आफलाइन पढ़ाई शुरू हो जाए। इसका छात्रों को अधिक लाभ मिलेगा।

**कवायद**

- लखनऊ विश्वविद्यालय व महाविद्यालयों के लिए दिशा निर्देश जारी

### महाविद्यालयों में बीएड के सत्र में भी देरी

महाविद्यालयों में बीएड के प्रथम सत्र की पढ़ाई भी प्रभावित है। प्रधानाचार्यों का कहना है कि अगर आफलाइन पढाई नहीं शुरू होती है तो समस्या पाठ्यक्रम पूरा कराने में समस्या हो सकती है।